प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का विशेष शिविर समारोह आयोजित

मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात–दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि डा. अभिषेक तोमर, समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. मालविका दास त्रकरू, अधिष्ठात्री, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय ने की। मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी, डा. आशुतोष मिश्रा ने बताया कि यह विशेष शिविर द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसका मुख्य विषय 'स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता' निर्धारित किया गया है जिसमें सभी स्वयं सेवक बेनी बस्ती के व्यक्तियों के बीच कार्य करेंगे तथा परस्पर वार्तालाप, नुक्कड़–नाटक, रैली इत्यादि के माध्यम से जागरूकता फैलाएंगे। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि डा. तोमर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के प्रतिपूर्ति हेतु व्यावसायिक शिक्षा के साथ–साथ समाज सेवा करना भी अति आवश्यक है। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि आपका पहला कर्तव्य बौद्धिक विकास है परन्तु आपके अन्दर स्नेह, सहानुभूति, सहिष्णुता, समर्पण, सेवा जैसे भाव भी होने चाहिए तभी आपका समग्र विकास होगा। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अधिष्ठात्री डा. दास ने छात्रों से कहा कि आप विशेष शिविर के दौरान अपने विषय का ध्यान रखते हुए लोगों के बीच जागरूकता फैलाएं जिससे आपको अपने ग्रामीण समाज को समझने का मौका मिलेगा तथा आप उनकी कठिनाईयों से अवगत हो सकेगें। आप अपने में सामाजिक और नागरिक दायित्व की भावना का विकास कर सकें। उन्होंने छात्रों के चरित्र निर्माण उदारता एवं समाज को समझने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी श्रेष्ठी सक्सेना तथा कुमारी वर्षा ने किया जबकि हर्षित जोशी द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डा. विपुल गुप्ता, डा. राजेश, डा. आकांक्षा खाती, श्री अनिल यादव श्री हरीश थापा, श्री चन्द्रप्रकाश, तथा कु. मुस्कान इत्यादि थे।

शिविर में बेनी प्रक्षेत्र में छात्रों द्वारा लोगों को जागरूक करने हेतु सुझाव देते अधिकारीगण।